पंजाब केसरी 31/03/2026

ऑर्टिफिशल इंटैलिजैंस के क्षेत्र में अपने कौशल को विकसित करें विद्यार्थी : डॉ. गुरदेव सिंह

■ कोर्स पूरा करने वाले 100 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



कोर्स पूरा करने वाले 100 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड पंचकूला के सचिव डॉ. राजेश गोयल, प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त व अन्य। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 30 मार्च (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में ऑर्टिफिशल इंटैलिजैंस (ए.आई.) कोर्स सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 100 विद्यार्थियों को सोमवार को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड पंचकूला के सचिव डॉ. राजेश गोयल थे, जबकि टी.एस.एस.सी. के रीजनल मैनेजर ब्रिगेडियर आर.के. शर्मा, फोकॉलेट के संस्थापक व सी.ई.ओ. परवीन बंसल, वाइस प्रेसिडैंट सचिन मिश्रा तथा एकैडमिक कोऑर्डिनेटर जसवीर कौर ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शिरकत की।

अपने संदेश में जी.एम.एन. कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एवं प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. गुरदेव सिंह ने कहा कि ऑर्टिफिशल इंटैलिजैंस को सिखाना जी.एम.एन. कॉलेज की प्राथमिकता है, क्योंकि यह कदम विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने में मदद करेगा। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और ऑर्टिफिशल इंटैलिजैंस के क्षेत्र में अपने कौशल को विकसित करें।

प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग तकनीकी परिवर्तन का युग है और ऑर्टिफिशल इंटैलिजैंस जैसे क्षेत्र में दक्षता प्राप्त करना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को उद्योग की मांग के अनुरूप तैयार करते हैं और उनके उज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। डीन डॉ. प्रभलीन कौर ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल तकनीकी ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव भी देते हैं। यह पहल छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ए.आई. जैसे उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करना समय की आवश्यकता है। कॉलेज के विद्यार्थी इस अवसर का पूरा लाभ उठाकर अपने कौशल को और निखारें तथा भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें।